राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला

विद्ययाऽमृतमश्नुते

तस्यै तपो दमः कर्मेति प्रतिष्ठा

# Reflections

**BIANNUAL E-NEWSLETTER VOL. 4**

**JANUARY-JUNE 2026**




















## From the Principal's Desk



It gives me immense pleasure to announce that the **biennial newsletter for the academic session January 2026 to June 2026** will soon be available on the college website.

This period has been marked by vibrant activity on campus — from the **College Athletics Meet** and the **Annual Prize Distribution Function** to a wide range of **co-curricular and academic programs**. Academic pursuits have been in full swing, reflecting the dedication and enthusiasm of both students and faculty. A remarkable milestone during this session has been the **Annual Examinations**, the most significant academic endeavour in a student's life.

Under the able guidance of **Chief Editor Dr. Shyam Singh** and the Editorial Board, the newsletter has been prepared with great care and commitment. I am confident that it will prove to be informative, offering valuable insights into the life of our college and enriching your understanding of the educational process in a holistic manner.

Jai Hind! Jai Himachal!!

Dr. Kuldip Singh
Principal



मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे अर्धवार्षिक समाचार पत्र का चौथा अंक प्रकाशित हो चुका है।

"लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।"

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, इकाइयों और समितियों से प्राप्त आंकड़ों पर कार्य करना तथा विभिन्न गतिविधियों की तस्वीरों में से उपयुक्त चित्रों का चयन करना वास्तव में आनंददायक अनुभव है। इसके हेतु महाविद्यालय में नैतिक शिक्षा एवं सेवा के माध्यम से प्रयासों का व्यापक अवलोकन करने का अवसर प्राप्त होता है। हम सदैव प्रयास करते हैं कि दृष्टि संकल्पित रहते हुए आगे बढ़ते रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह तथा समुदाय के प्रत्येक सदस्य, अध्यापक वर्ग, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं सभी सहयोगियों को मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस अंक को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सहयोग यात्रा में मुझे न केवल नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उनसे सीखने का भी अवसर मिला। फिर भी सफलता और खुशी के क्षण हर चुनौती को सार्थक बना देते हैं। महाविद्यालय न्यूज़लेटर का यह अंक जनवरी 2026 से जून 2026 तक की हमारी उपलब्धियों एवं प्रयासों को दर्शाता है और उनकी झलक प्रस्तुत करता है। मुझे आशा है कि यह अंक महाविद्यालय के पाठकों को हमारे जीवन्त परिसर की एक आकर्षक झलक प्रदान करेगा।

मैं अपने शब्दों को इन पंक्तियों के साथ विराम देता हूं—

"चलो मिलकर नई राह बनाते हैं,
हर कठिनाई को मुस्कुराकर अपनाते हैं।"

मुख्य संपादक
डॉ. श्याम सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी विभाग)
राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला
(सोलन)

**January-2026**

1. Two-Week Internship Programme – January 2026.
   The CC/PC College organized a two-week internship programme at Lemon Tree Hotel, Baddi, in January 2026. Students gained practical knowledge of hotel management, customer service, and professional work culture. The internship helped them understand real workplace responsibilities and improve communication, teamwork, and hospitality skills through hands-on experience.










**February-2026**

1. Annual Athletic-cum-Sports Meet (Session 2025–2026).
   The Annual Athletic-cum-Sports Meet for the academic session 2025–2026 was held at the college from 17 February to 18 February 2026. Students enthusiastically participated in various sports and athletic events. The program encouraged teamwork, discipline, and sportsmanship among the students and made the event memorable for everyone.




GPS Map Camera
Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912019° Long 76.829944°
Wednesday, 18/02/2026 01:08 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Barotiwala, Himachal Pradesh, India
Wr6h+wrc, Barotiwala, Himachal Pradesh 174103, India
Lat 30.912033° Long 76.829766°
Wednesday, 18/02/2026 12:23 PM GMT +05:30
Google


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA






# लंबीकूद में सोनू व निशा, चक्का

## बरोटीवाला कॉलेज में किया गया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बी बी एन, 19 फरवरी (तारा)** - राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनुपमा पाठक ने गया। प्रतियोगिता में सभी कर्मचारी एवं गैर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। छात्र एवं छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विकास की टीम ने क्रिकेट के खिताब पर कब्जा किया। मैन ऑफ द मैच तृतीय वर्ष के छात्र विशाल और बेस्ट गेंदबाज तृतीय वर्ष के छात्र विकास एवं बेस्ट बल्लेबाज प्रथम वर्ष के छात्र रवि को चुना गया।

लंबी कूद में सोनू प्रथम, रवि द्वितीय व विकास तृतीय रहे। छात्राओं में प्रथम निशा, ज्योति ने दूसरा और खुशबू तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में हर्ष पहले, विक्की दूसरे और विकास तीसरे स्थान पर रहे। चक्का फेंक में शीतल प्रथम, अंकिता द्वितीय और उपासना तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में रवि प्रथम, प्रियांशु द्वितीय, विकास तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में सोनू ने पहला, रवि ने दूसरा और प्रियांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के वर्ग में अंकिता ने पहला, संजना ने दूसरा और शीतल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में शीतल ने प्रथम, उपासना ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों में अंकित ने पहला, विकास ने दूसरा व प्रमोद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनुपमा पाठक ने युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल देकर सम्मानित किया गया।
















## राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

**दैनिक कलम मेरी सरकार**
**बद्दी 19 फरवरी सतीश जैन**

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.अनुपमा पाठक द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया । कार्यक्रम में सभी कर्मचारी एवं गैर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दी।

इस अवसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे- क्रिकेट , शॉटपुट , लॉन्ग जंप , रेस , डिस्कस थ्रो आदि का आयोजन किया गया। छात्र एवं छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक बढ़चढ़कर भाग लिया। क्रिकेट मैच में प्रथम स्थान विकास टीम ने प्राप्त किया जिसमें क्रिकेट मेन ऑफ द मैच तृतीय वर्ष के छात्र विशाल और बेस्ट बॉलर तृतीय वर्ष के छात्र विकास एवं बेस्ट बैटमैन प्रथम वर्ष के छात्र रवि को चुना गया । लॉन्ग जंप में लड़कों में प्रथम स्थान बी. ए. प्रथम वर्ष के छात्र सोनू , द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र रवि, तृतीय स्थान तृतीय वर्ष के छात्र विकास ने प्राप्त किया । लॉन्ग जंप लड़कियों में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा निशा , द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति , तृतीय स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू ने प्राप्त किया। डिस्क थ्रो में लड़कों में प्रथम स्थान तृतीय वर्ष के छात्र हर्ष , द्वितीय स्थान द्वितीय वर्ष के छात्र विकी , तृतीय स्थान तृतीय वर्ष के छात्र विकास ने प्राप्त किया । डिस्क थ्रो में लड़कियों में प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा शीतल, द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता, तृतीय स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा उपासना ने प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में लड़कों में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष के छात्र रवि, द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र प्रियांशु, तृतीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र विकास ने प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष के छात्र सोनू , द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र रवि और तृतीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र प्रियांशु ने प्राप्त किया और लड़कियों में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता, द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा संजना , तृतीय स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा शीतल ने प्राप्त किया । शॉट पुट में लड़कियों में प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा शीतल , द्वितीय स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा उपासना , तृतीय स्थान प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने प्राप्त किया। शॉट पुट लड़कों में प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित , द्वितीय स्थान तृतीय वर्ष के छात्र विकास, तृतीय स्थान द्वितीय वर्ष के छात्र प्रमोद ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अनुपमा पाठक ने युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी खिलाड़ियों को रिफ्रशेमेंट भी दी गई।



**एक नजर**

## महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**बरोटीवाला/पूजा वर्मा :** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.अनुपमा पाठक द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारी एवं गैर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे क्रिकेट, शॉटपुट, लॉन्ग जंप, रेस , डिस्कस थ्रो आदि का आयोजन किया गया। छात्र एवं छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्रिकेट मैच में प्रथम स्थान विकास टीम ने प्राप्त किया जिसमें क्रिकेट मेन ऑफ द मैच तृतीय वर्ष के छात्र विशाल और बेस्ट बॉलर तृतीय वर्ष के छात्र विकास एवं बेस्ट बैटमैन प्रथम वर्ष के छात्र रवि को चुना गया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अनुपमा पाठक ने युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी खिलाड़ियों को रिफ्रशेमेंट भी दी गई।

2. Annual Prize Distribution Function – G.D.C. Barotiwala (21 February 2026).
   The Annual Prize Distribution Function was held at G.D.C. Barotiwala on 21 February 2026. Students were awarded prizes, certificates, and trophies for excellence in academics, sports, and cultural activities. The Chief Guest and Principal motivated students with inspiring words. The program ended successfully with a vote of thanks.






## बरोटीवाला कालेज में मनाया वार्षिक समारोह,

**शिक्षा व खेलकूद में अव्वल रहे बच्चों को किया सम्मानित**

**बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**बद्दी, 21 फरवरी सतीश जैन**

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित राय और अर्पित कुमार गर्ग की ओर से द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारी और गैर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ सुनीला शर्मा एवं सभी स्टाफ वर्ग ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया । महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अनुपमा पाठक ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों , खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई , जिनमें सरस्वती वंदना ,नाटी, पंजाबी डांस, हरयाणवी डांस शामिल थी। छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अनुपमा पाठक ने सभी अतिथियों, स्टाफ सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की आशा व्यक्त की । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ अंत में विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई ।



हिमाचल प्रदेश
बद्दी
Sunday
22th Feb. 2026

**NEWS TIMES**
A Unit Of Our Ultimate wisdom

Contact
News,
Advt.,Interview,
Podcaste,
interview Call
8171614151

## शिक्षा व खेलकूद में अव्वल रहे बच्चों को किया सम्मानित

**बद्दी सतीश जैन**

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित राय और अर्पित कुमार गर्ग की ओर से द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारी और गैर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ सुनीला शर्मा एवं सभी स्टाफ वर्ग ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया । महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अनुपमा पाठक ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों , खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई , जिनमें सरस्वती वंदना ,नाटी, पंजाबी डांस, हरयाणवी डांस शामिल थी। छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अनुपमा पाठक ने सभी अतिथियों, स्टाफ सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की आशा व्यक्त की । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ अंत में विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई ।





बी.बी.एन.: राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में वार्षिक उत्सव में उपस्थित मुख्यातिथि और अन्य। (ठाकुर)



3. Campus Tour and Seminar at Baddi University.

On 27 February 2026, the CC/PC organized a campus tour of Baddi University for students. The visit was followed by an informative seminar on Post Graduate Studies. Experts guided students about higher education opportunities, career options, and admission procedures, making the event highly beneficial and inspiring for all participants.










**March-2026**

1. Holi was celebrated with great enthusiasm at G.D.C. Barotiwala on 3rd and 4th March 2026. Students and teachers gathered on the college campus to enjoy the festival of colors. The celebration included music, dance, and the joyful exchange of colors. Everyone participated with great excitement, spreading happiness and unity. The event created a lovely atmosphere and strengthened the bond among students and staff.






2.The farewell party for B.Com and B.A final year students was organized at G.D.C. Barotiwala. The event was filled with joy, memories, and emotions. Juniors presented cultural performances and games to entertain seniors. Teachers shared inspiring words and wished students success in their future careers and life.


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA





प्रदान की जानी चाहिए। संजय अवस्थी ने संस्कृति, परंपरा और ...

# विशाल मिस्टर व संध्या के सिर सजा मिस फेयरवेल का खिताब

बरोटीवाला कॉलेज में कार्यक्रम में अध्यापक व छात्र। संवाद

बरोटीवाला(सोलन)। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर विशाल मिस्टर और संध्या मिस फेयरवेल चुनी गईं। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए गेम्स का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह, कर्मचारी एवं गैर कर्मचारी व विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थित रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज के अनुभव साझा किए और भावुक माहौल में अपने शिक्षकों और साथियों को आभार जताया। संवाद



हिमाचल प्रदेश
बद्दी
Sunday
14th मार्च 2026
NEWS TIMES
A Unit Of Our Ultimate wisdom
Contact News, Advt.,Interview, Podcaste, interview Call 8171614151

# बरोटीवाला कालेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

बद्दी सतीश जैन

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज छोड़ने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह ने सभी कर्मचारी एवं गैर कर्मचारी तथा सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य ( हरयाणवी डांस, बॉलीवुड डांस) शामिल थे। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए गेम्स का भी आयोजन किया गया था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मेहनत, अनुशासन एवं ईमानदारी से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल विशाल और मिस फेयरवेल संध्या का भी चयन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज के अनुभव साझा किए और भावुक माहौल में अपने शिक्षकों और साथियों को धन्यवाद दिया।



की सरकारें और संस्थाएं कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि देशहित और राष्ट्रीय एकरूपता को मजबूत ... अवसर मिलता है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीन तलाक जैसी ... जिससे देश में स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ... योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण कर गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराए ... करने और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

# विशाल मिस्टर व सध्या मिस फेयरवेल चुनी, बरोटीवाला कालेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

» प्रथम न्यूज। बी बी एन

14 मार्च ( तारा )

राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज छोड़ने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देना और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह ने सभी कर्मचारी एवं गैर कर्मचारी तथा सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य ( हरयाणवी डांस, बॉलीवुड डांस) शामिल थे। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए गेम्स का भी आयोजन किया गया था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मेहनत, अनुशासन एवं ईमानदारी से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल विशाल और मिस फेयरवेल संध्या का भी चयन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज के अनुभव साझा किए और भावुक माहौल में अपने शिक्षकों और साथियों को धन्यवाद दिया।



On 16th feb 2026 a motivational program on the theme of Women Empowerment was organized by the Women Cell and NSS unit of Government College Barotiwala. The event was held in the open ground of the college, where the stage was kept open for all students to freely showcase their talents and express their views. During the program, students actively participated through poetry recitation, speeches, songs, and dance performances. Each presentation effectively highlighted the importance of women's empowerment. The students, especially the girl participants, shared their perspectives on the role of women in society, their rights, and the significance of education in achieving empowerment.








हिमाचल प्रदेश
बद्दी
Tuesday
17th Feb. 2026

NEWS TIMES
A Unit Of Our Ultimate wisdom

Contact
News,
Advt.,Interview,
Podcaste,
interview Call
8171614151


# महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन

**सतीश जैन**



राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के खुले मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मंच सभी विद्यार्थियों के लिए खुला रखा गया था ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत तथा नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अपने विचार साझा करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।प्रो. सुनीला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और मजबूत बनना चाहिए तथा हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बनाने का एकमात्र सशक्त माध्यम है।कार्यक्रम का सफल संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. कृष्णा प्रकाश ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन

***कविता, भाषण, गीत तथा नृत्य के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का महत्व बताया***



**बीबीएन,16 फरवरी ( तारा )** – राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के महिला प्रकोष्ठ ने महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के खुले मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मंच सभी विद्यार्थियों के लिए खुला रखा गया था ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत तथा नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अपने विचार साझा करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. सुनीला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और मजबूत बनना चाहिए तथा हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। प्राचार्य प्रो. अनुपमा पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बनाने का एकमात्र सशक्त माध्यम है। मंच का संचालक बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. कृष्णा प्रकाश ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।



महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन : कविता, भाषण, गीत तथा नृत्य के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का महत्व बताया

https://satlujbiastimes.com/महिला-सशक्तिकरण-पर-का

## न्यूज 1 नजर में

### महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन

**बद्दी।** बरोटीवाला कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के खुले मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मंच सभी विद्यार्थियों के लिए खुला रखा गया था, ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत कर सकें। प्रो. सुनीला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और मजबूत बनना चाहिए तथा हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। कॉलेज प्राचार्या प्रो. अनुपमा पाठक ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बनाने का एकमात्र सशक्त माध्यम है।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन



**बरोटीवाला/पूजा वर्मा :** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के खुले मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मंच सभी विद्यार्थियों के लिए खुला रखा गया था ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत तथा नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अपने विचार साझा करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बनाने का एकमात्र सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का सफल संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**February 17–23, 2026**

NSS Volunteer Chetan Mehta of GC Barotiwala Represents the College at the Prestigious National Integration Camp–2026 in Kerala, Strengthening National Unity, Cultural Harmony, and the Spirit of Social Service Across India.

## बरोटीवाला कालेज के एनएसएस स्वयंसेवक चेतन मेहता ने राष्ट्रीय एकता शिविर में किया भाग

**बी बी एन, 2 मार्च ( तारा ) :** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के एनएसएस स्वयंसेवक चेतन मेहता ने केरल के कुट्टिक्कनम स्थित मारियन कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर- में भाग लेकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। यह शिविर क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस, तिरुवनंतपुरम की ओर से महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय एवं सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था।

शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह चर्चा, सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ तथा राष्ट्रीय एकता विषयक विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। चेतन मेहता ने सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई और सफलतापूर्वक शिविर पूर्ण किया, जिसके लिए उन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुपमा पाठक एवं एनएसएस इकाई संयोजक प्रो. कृष्णा प्रकाश ने चेतन मेहता को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा इसे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।



*बरोटीवाला कालेज के एनएसएस स्वयंसेवक चेतन मेहता ने राष्ट्रीय एकता शिविर में किया भाग*
*शिविर में विभिन्न गतिविधियो में भाग लेने पर चेतन मेहता को दिया प्रमाण पत्र*
[https://satlujbiastimes.com/बरोटीवाला-कालेज-के-एनएसए](https://satlujbiastimes.com/बरोटीवाला-कालेज-के-एनएसए)

On 20th March 2026 certificate distribution ceremony for NSS volunteers was organized in the college premises, where Principal Dr. Kuldip Singh awarded certificates to the volunteers who successfully attended the seven-day NSS camps during the academic sessions 2024–25 and 2025–26. Addressing the gathering, the Principal highlighted the importance of discipline, teamwork, and time management in shaping a successful life. He congratulated all the volunteers for their dedication and active participation in the camps and encouraged them to imbibe the true spirit of NSS by adopting its noble motto, “Not Me, But You.” On the same day, a cleanliness drive was organized in the college campus. NSS volunteers actively participated and cleaned all four floors of the building. They also made proper seating arrangements in classrooms in preparation for the upcoming university examinations. The event concluded with appreciation for the volunteers’ hard work and a renewed commitment to community service and social responsibility.




राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
PREAMBLE


National Service
Not Me But You

हिमाचल प्रदेश
बद्दी
Monday
22 March 2026

# NEWS TIMES
A Unit Of Our Ultimate wisdom

**Contact**
News,
Advt.,Interview,
Podcaste,
interview Call
8171614151

# एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित, अनुशासन और टीमवर्क पर दिया गया जोर

**बद्दी सतीश जैन**




राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह ने सत्र 2024–25 एवं 2025–26 में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।अपने संबोधन में प्राचार्य महोदय ने जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और समय प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी तथा उन्हें एनएसएस के आदर्श वाक्य "नॉट मी, बट यू" को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ. कृष्णा प्रकाश ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और टीमवर्क की कमी देखने को मिलती है, एनएसएस द्वारा आयोजित विभिन्न समूह गतिविधियों के दौरानत तथा सात दिवसीय शिविर में भाग लेने से उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को लगातार दो वर्षों तक सफलतापूर्वक सात दिवसीय एनएसएस शिविर में भाग लेने के लिए बधाई दी।इसी दिन महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने महाविद्यालय की चारों मंजिलों की सफाई की तथा आगामी विश्वविद्यालय परीक्षाओं के लिए कक्षाओं में उचित बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की।कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

**April-2026**

1. Surprise Inspection at Government College Barotiwala
   The Director of Education conducted a surprise inspection at Government College Barotiwala. Academic, administrative, and infrastructural facilities were reviewed. Classrooms, library, labs, and sports areas were inspected. Interaction with students and staff highlighted key issues. The Director appreciated the disciplined environment and suggested improvements for enhancing educational quality.













# शिक्षा निदेशक ने कालेज का किया औचक निरीक्षण



**बरोटीवाला/पूजा वर्मा :** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में सोमवार को शिक्षा निदेशक ने औपचारिक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने महा विद्यालय की शैक्षणिक, भौतिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। दौरे के दौरान शिक्षा निदेशक ने कॉलेज भवन, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, गर्ल्स कॉमन रूम, खेल मैदान, स्टाफ रूम सहित सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर पढ़ाई की गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। शिक्षा निदेशक ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और अनुशासित वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाना सराहनीय है।

हिमाचल प्रदेश
बद्दी
Tuesday
14th April 2026

NEWS TIMES
OUR ULTIMATE WISDOM

Contact Us:-
Social Media
News Advt.
8171614151

# राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय का औपचारिक दौरा किया

बद्दी सतीश जैन





शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय की बिल्डिंग,लाईब्रेरी, कंप्यूटर रूम, गर्ल्स कॉमन रूम,प्ले ग्राउंड, स्टाफ रूम एवं सभी क्लास रूम का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान निदेशक महोदय ने महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से बातचीत की। निदेशक महोदय ने महाविद्यालय को बेहतर बनाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए ।इस मौके पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह एवं सभी प्राध्यापक वर्ग ने शिक्षा निदेशक महोदय का स्वागत किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय की बिल्डिंग, प्ले ग्राउंड, महाविद्यालय की सारी व्यवस्था एवं सभी कर्मचारियों एव गैर कर्मचारियों की प्रशंसा की ।

# निदेशक ने बरोटीवाला कालेज में जांची व्यवस्था



औचक निरीक्षण के दौरान मौजूद शिक्षा निदेशक, प्राचार्य व अन्य ● जागरण

**बद्दी :** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला का सोमवार को शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत शर्मा ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बरोटीवाला नया कालेज भवन बना है। कालेज में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जांच की। कालेज में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता का पद खाली पड़ा हुआ है। इसको लेकर बच्चों ने उनसे बात भी की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक, भौतिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। शिक्षा निदेशक ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और अनुशासित वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाना सराहनीय है। (संस)

UP-56-0125600
SINCE 1992
VSK आवाज
MOB-9105731574,8881717809
खबर बिज्ञापन , इंटरव्यू , डॉक्यूमेंट्री के लिए संपर्क करें - मो. 8881717809
14/4/2026 हिमाचल प्रदेश

# राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय का औपचारिक दौरा किया








शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय की बिल्डिंग,लाईब्रेरी, कंप्यूटर रुम, गर्ल्स कॉमन रुम,प्ले ग्राउंड, स्टाफ रुम एवं सभी क्लास रुम का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान निदेशक महोदय ने महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से बातचीत की। निदेशक महोदय ने महाविद्यालय को बेहतर बनाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए ।
इस मौके पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित थे।
इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह एवं सभी प्राध्यापक वर्ग ने शिक्षा निदेशक महोदय का स्वागत किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।
शिक्षा निदेशक महोदय ने महाविद्यालय की बिल्डिंग, प्ले ग्राउंड, महाविद्यालय की सारी व्यवस्था एवं सभी कर्मचारियों एव गैर कर्मचारियों की प्रशंसा की ।

**संवाददाता: सतीश जैन बद्दी हिमाचल प्रदेश की रिपोर्ट**

vskawaj@gmail.com 8881717809 vedramsandeshkiawaj.in




REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA




## June 2026

1. Student watched a video on the Nasha Mukti Abhiyan. It explained that drug and alcohol addiction can seriously harm our health and future. The video encouraged everyone to stay away from all kinds of addiction and choose a healthy lifestyle. It also taught us to support people who are trying to overcome addiction. I learned that awareness and self-control are the keys to a happy and successful life.




2. Our teacher took the Nasha Mukti pledge with all the students. We promised to stay away from drugs, tobacco, and alcohol. We also pledged to spread awareness about a drug-free society. This pledge inspired **us to live a healthy, safe, and responsible life.**



# प्राचार्य डा. कुलदीप को मिला प्रशंसापत्र



बरोटीवाला कालेज के प्राचार्य का स्वागत करते स्टाफ के सदस्य ● जागरण

**बरोटीवाला :** चीन के शांग्यू में द्वितीय एशियाई रिले चैंपियनशिप–2026 एवं राष्ट्रीय एथलेटिक्स रिले चैंपियनशिप के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने पर डा. कुलदीप सिंह प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला तथा भारत के अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स तकनीकी अधिकारी को आयोजन समिति ने लेटर आफ एप्रिसिएशन प्रदान किया। आयोजन समिति ने प्रशंसापत्र में डा. कुलदीप सिंह के अमूल्य सहयोग, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके महत्वपूर्ण योगदान से प्रतियोगिता का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन संभव हो सका। समिति ने भविष्य में भी उनके साथ मिलकर एथलेटिक्स के विकास के लिए कार्य करने की आशा व्यक्त की है। 28 से 31 मई तक हांगकांग में आयोजित अंडर–20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी डा. कुलदीप सिंह ने अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवाएं दी थीं। (संस)

---

**DrShyam Singh**

1m ·

राष्ट्रीय एथलेटिक्स रिले चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु उत्कृष्ट योगदान देने पर डॉ कुलदीप सिंह प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला (सोलन) को लेटर ऑफ एप्रिसिएशन प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। आपको इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।




**June 2026**

### 3. A Personal and Academic Achievements

***Dr. Kuldip Singh, Principal***

- Worked as a referee at the 5th Indian Open Throws Competition held at SAINSNIS, Patiala, on 7th and 8th March,2026.
- Visited SAINSNIS on 24th March 2026 as an AFI representative for a joint site inspection of the ongoing laying of the synthetic athletic track to ensure technical parameters and requirements.
- Worked as a Referee at the 3rd National Open Relay Competitions held at Chandigarh on 28th March,2026.
- Worked as Technical Delegate in Delhi Open Athletics Championship held at New Delhi on 4th and 5th April,2026.
- Worked as Technical Delegate at Indian Athletics Series-3 at Jawahar Lal Nehru Stadium, New Delhi on 11th April, 2026.
- Scheduled to visit Sangrur as a Referee for Indian Athletics Series-5 on 9th May,2026.
- Scheduled to visit Hong Kong for U-20 Asian Athletics Championship from 28th May,2026 to 31st May,2026.



DELHI ATHLETICS

Affiliated to Athletics Federation of India

Dr. Abhishek Tandon, President | Parth Goswami, Secretary | Hemant Jal, Treasurer

**Heartfelt Thanks for Your Valuable Contribution**

Dr. Kuldip Singh (Technical Official),
Greetings!

On behalf of Delhi Athletics, we would like to express our sincere gratitude for your esteemed presence and valuable contribution in successfully conducting the ***Indian National Series – 03*, held at Jawaharlal Nehru Stadium, New Delhi on 11 Apr 2026**.

Your dedication, expertise, and commitment played a crucial role in ensuring the smooth execution of the event. The professionalism and support extended by you greatly contributed to making the championship a grand success.

Delhi Athletics will always remember and appreciate your efforts and contribution towards this prestigious event. We truly value your association and look forward to working with you again in future events.

Thank you once again for your outstanding support.

With warm regards,

**Parth Goswami**
Secretary, Delhi Athletics

Email: delhi@indianathletics.in
Contact - +91-9971185705
Website: www.delhiathletics.com
Address – G-3 & 4, Community Center, C-Block, Naraina Vihar, New Delhi-110028

***Dr. Shyam Singh***
***Associate Professor in Hindi***
Published the book “Aanchalikta aur Rajendra awasthi ka katha sahitya” in April 2026 with ISBN no. 978-81-970366-7-5

***Ms. Shilpa Kochhar***
***Assistant Professor in English***
Attended a one-week Faculty Development Programme on Enabling Teachers with AI Tools & Innovative Approaches for Effective Teaching-Learning from Don Bosco Institute of Technology, New Delhi w.e.f 08-12 January, 2026.

***Dr. Mamta***
***Assistant Professor in Commerce***
Attended one week Faculty Development Programme on Enabling Teachers with AI tools & Innovative Approaches for effective teaching-learning from Don Bosco Institute of Technology, New Delhi w.e.f 08-12 January, 2026.